<u>संदेश</u>

ईस्टर के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी देशवासियों को, विशेष रूप से ईसाई समुदाय के लोगों को, बधाई और शुभकामनाएं देता हूं ।

ऐसी मान्यता है कि आज के ही दिन यीशु मसीह का पुनः अवतरण हुआ था। इसी शुभ अवसर की याद में 'ईस्टर' का त्योहार मनाया जाता है। यीशु के अनुयायियों के लिए अति पवित्र यह त्योहार हमें प्रेम, त्याग और क्षमा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। आइए, हम यीशु मसीह की शिक्षाओं से प्रेरणा लें और सम्पूर्ण मानवता की भलाई के लिए साथ मिलकर काम करें ।

मेरी कामना है कि इस त्योहार के माध्यम से हमारे बीच परस्पर एकता की भावना मजबूत हो और हमारे राष्ट्र तथा समाज की खुशहाली व समृद्धि के लिए हम सब प्रतिबद्ध होकर आगे बढ़ते रहें। इस समय हम यह भी संकल्प लें कि COVID-19 से उत्पन्न आपदा का सामना करने में हम सब 'सोशल डिस्टेंसिंग' व अन्य सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए इस पावन उत्सव को घर में रहकर परिवार के साथ मनायें ।

*****